संक्षिप्त

तेजाजी महाराज के भजन गूंजे

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। वीर तेजा क्लब की और से तेजाजी महाराज के वार्षिक मेला के उपलक्ष में भजन संध्या आयोजित की गई। लोकप्रिय भजन गायिका नीलम बाड़ोलिया जयपुर सहित भजन गायक विशाल दूधाणी, मुकेश टेलर, चन्दु पलोड़, ललित टेलर ने सुमधुर भजनो की प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। गायिका नीलम बाडोलिया द्वारा प्रस्तुत तेजाजी महाराज के एक से बढ़कर एक बेहतरीन भजनो पर श्रद्धालू झूम उठे। स्थानीय विशाल दूधाणी ने बालाजी भजनों की प्रस्तुति दी। तेजा मेला का विधिवत शुभारंभ पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया ने किया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष रूपेश यादव, संयोजक कमल राठी, संरक्षक गणेश यादव, धन्नालाल यादव, हीरासिंह चौधरी, विमल शर्मा, राकेश शर्मा, गिरिराज पारीक, जितेन्द्र तिवाड़ी, पिन्टू यादव, राजू यादव, दीपक शर्मा, शुभम चौधरी, रामअवतार चौधरी, गिरिराज दाधीच, विक्रम चौधरी, दीपक यादव, अखिल गर्ग, राजेन्द्र चौधरी, ओम गुर्जर, वेकटेंश यादव, कैलाश यादव, गोविन्द यादव, सत्यनारायण यादव, संजय सैन, मनीष शर्मा, दिपेन्द्र सिंह चौधरी, निपुण शर्मा आदि ने सेवाएं दी।

तेजाजी के दर्शन किए

अरांई,02 सितम्बर (निसं)। कस्बे में सदर बाजार स्थित तेजाजी मंदिर में तेजा दशमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के दर्शन किए और मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। पुजारी रामस्वरूप कुम्हार ने जोत जलाकर विशेष पूजा अर्चना करवाई। इस बीच मंदिर में तेजाजी की मूर्ति के पास सांप निकल आया। सांप को देखकर श्रद्धालु दर्शन करने उमड़ पड़े और तेजाजी महाराज की जय के जयकारे गूंज उठे। धार्मिक आस्थ और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देर शाम तक चलता रहा। मंदिर परिसर के बाहर पारंपरिक रूप से मेला भी भरा। इसमें अरांई सहित आस-पास के गांवों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

अजमेर की दादाबाड़ी में शिला अभिषेक आज

■ महाआरती और भजन संध्या का आयोजन होगा

अजमेर । प्रथम दादागुरूदेव युग प्रधान श्री जिनदत्तसूरि जी महारासा की समाधि, स्थल अजमेर दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार शिलान्यास के तहत 3 सितम्बर को दोपहर 2:27 बजे विधिविधान से 'शिलाओं का अभिषेक' का आयोजन दादाबाड़ी में आयोजित होगा। श्री जिनदत्तसूरि समाधि स्थल दादाबाड़ी जीर्णोद्धार समिति के संयोजक भीमराज बोहरा ने बताया कि 4 सितंबर को शिलान्यास में रखी जाने वाली 101 शिलाओं का 3 सितंबर को दोपहर 2:27 बजे 'शिला अभिषेक' किया जायेगा, जिसमें शिला के लाभार्थी परिवार पूजा के वस्त्र में विधिविधान से अभिषेक करेगें। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी अरविन्द चोरडिया और प्रवीण चोरडिया विधिकारक विधिविधान से शिला अभिषेक कार्य सम्पन्न करायेंगे। दादाबाड़ी मे ही चल रही दादागुरू इकतीसा पाठ 41 दिवस तक लगातार दादाबाड़ी में आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन बुधवार को रात्रि 7:27 बजे होगा, जिसमें अर्णोराजा द्वारा महाआरती की जायेगी। महाआरती के पश्चात् रायपुर निवासी भजन गायक राहुल झाबक और फलौदी निवासी कोमल गोलेच्छा द्वारा दादागुरूदेव की भक्ति संध्या आयोजित होगी। सभी कार्यक्रम जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वी मनोहरश्रीजी और मुनि सम्यकरत्नसागर जी म.सा. के सानिध्य में सम्पन होगें।

गणेश जी व अग्रसेन महाराज को निमंत्रण भेंट

■ 14 से 24 सितंबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

अजमेर । अग्रकुल प्रवर्तक श्री अग्रसेन भगवान की 5149 वीं जयंती के अवसर पर श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति अजमेर के तत्वाधान में 14 से 24 सितंबर तक होने वाले 11 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की निमंत्रण पत्रिका मंगलवार को अठावाल पाठशाला सभा के अध्यक्ष सीताराम गोयल, सचिव गोपाल गोयल, शैलेंद्र अठावाल, राजेंद्र अग्रवाल व विष्णु मंगल तथा मनीष गोयल ने मंगलवार को महाराजा अठासेन पब्लिक स्कूल परिसर में स्थित भगवान गणेश जी व अग्रसेन जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उन्हें निमंत्रण पत्रिका अर्पित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अरदास की। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी व शिवशंकर फतहपुरिया ने बताया कि 11 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 14 सितंबर को दोपहर 4:00 बजे वाहन रैली व सांय 5:30 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। 15 सितंबर को कैरम प्रतियोगिता व महाराजा अग्रसेन क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) आयोजित होगी। 17 सितंबर को दोपहर में ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता होगी ।

रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

■ प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान तथा रोचक जानकारियों के प्रश्न पूछे

अजमेर ।भारतीय जीवन बीमा निगम मण्डल कार्यालय, अजमेर में चल रहे बीमा सप्ताह के दौरान आज कार्मिकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान, निगम से संबंधित तथा रोचक जानकारियों से संबंधित प्रश्न, पूछे गए। कर्मचारियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिससे माहौल खुशनुमा हो गया।

इसी कड़ी में मंगलवार को निगम की महिला कार्मिकों हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें महिला कार्मिकों ने निगम के 69 वर्ष तथा स्वतंत्र के 78 वर्ष से संबंधित आकर्षक रंगोलिया बनाकर सबका मन मोह लिया। आयोजन में अलका गोयल, नीलम गहलोत, अपूर्वा चावला, रिंकी कोली का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन शंकर वरलानी द्वारा किया गया।पी एन मीना वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, खेमराज मीणा विपणन प्रबंधक और भानुमती कुंदनानी प्रबंधक सी आर एम इस अवसर पर उपस्थित रहे।

पुष्कर मेला : नवाचार किया

■ पशुपालकों को टेंट व पशुओं के लिए जमीन की बुकिंग ऑनलाइन होगी

अजमेर, 02 सितम्बर (कासं)। विश्व प्रसिद्ध पुष्कर पशु मेले में इस बार जिला प्रशासन ने एक नवाचार किया है। पहली बार पशुपालकों को टेंट और पशुओं के लिए जगह ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशन में एनआईसी विभाग ने वेबसाइट तैयार की है, जिसके जरिए देशभर से पशुपालक अपनी जरूरत के अनुसार भूखंड आरक्षित कर सकेंगे। पशुओं की संख्या के आधार पर भूखंड आवंटित किया जाएगा। 2 या इससे अधिक पशु वाले पशुपालकों को 500 वर्ग फीट भूखंड, 5 पशु वाले पशु पालकों को 2500 वर्ग फीट, 10 पशु वाले पशु पालकों को 5 हजार वर्ग फीटए 10 से अधिक पशुओं पर इससे बड़े भूखंड दिए जाएंगे। यह आवंटन पहले आओए पहले पाओ के आधार पर होगा और पूरी तरह अस्थायी रहेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक पशुपालक मेले में पहले से पहुंचकर जमीन पर कब्जा जमा लेते थे। पर्यटन विभाग की करीब 550 बीघा भूमि में इस बार पशुपालकों को सेक्टरवार जगह दी जाएगी। ऊंट, घोड़े और गोवंश के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जाएंगे, ताकि क्रय-विक्रय और डिस्प्ले के साथ रहने की व्यवस्था व्यवस्थित रूप से हो सके। वहीं अजमेर प्रगतिशील पशुपालक संघ के अध्यक्ष गणपत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की ऑनलाइन व्यवस्था पढ़े लिखे और तकनीक का उपयोग करने वाले पशुपालकों के लिए तो सुविधाजनक है, लेकिन दूरदराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले अनपढ़ पशुपालकों के लिए मुश्किल खड़ी करेगी। कई पशुपालकों के पास स्मार्टफोन तो दूर, साधारण मोबाइल तक नहीं है। ऐसे में उन्होंने ने सुझाव दिया कि प्रशासन को मेले के प्रवेश द्वार पर हेल्प डेस्क लगाना चाहिए। पशुपालन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. सुनील घीया ने कहा कि मेला में की जा रही व्यवस्था सुव्यवस्थित प्रबंधन की दिशा में बड़ा कदम है। हालांकि इसे लागू करने से पहले पशुपालकों की राय भी ली जाएगी।

यात्रा आज

सरवाड़ । शहर में आज बुधवार जलझूलनी एकादशी पर्व पर परम्परागत तौर-तरीकों से व भगवान की शाही लवाजमे के साथ ठाकुर जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। रास्ते में शोभायात्रा का स्वागत होगा।

सत्कार किया जायेगा। शाम को गोपीनाथ मंदिर में सभी मंदिरों के बेवाण एकत्रित होंगे। वहां से सामूहिक रूप से गोविंद हरे गोपाल हरे की स्वर लहरियां के साथ प्रमुख मार्गों से होते हुए सांपला गेट शिवसागर तालाब पहुंचें । जहां पर भगवान के बेवाण को जल विहार करवाया जाएगा । यहां पर विशेष इंतजाम किए गये है।

आज निकलेगी सांवलिया सेठ की विशाल रथयात्रा

मंडफिया। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में जलझूलनी एकादशी का तीन दिवसीय मेला मंगलवार को शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। मेले के प्रथम दिन तेजा दशमी पर्व पर भगवान श्री सांवलिया जी सेठ की शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा का मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम एवं बोर्ड सदस्यों द्वारा भगवान सांवलिया सेठ की अगवानी कर मेले का श्री गणेश किया। शोभायात्रा में सजे धजे घोड़े, ऊंट व हाथी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। इन पर केसरिया पोशाकों में बैठे पुजारी द्वारा चारों ओर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न बैंड बाजे, ढोल, मांडल एवं हारमोनियम की मधुर धुनों में भक्त नाचते गाते भगवान सांवलिया सेठ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सर्वत्र वातावरण कृष्ण भक्ति में ओत - प्रोत हो गया। इस शोभायात्रा में कस्बे के विभिन्न विद्यालयों की देव रूपी झांकियां शोभायात्रा की अलग ही शोभा बढ़ा रही थी। शोभायात्रा मंदिर परिसर से धीमी गति से बढ़ते हुए शिव मंदिर चौक पहुंची जहां बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्तजन भगवान की प्रतिमा के दर्शन के लिए आतुर दिखाई दिए। इसके बाद शोभायात्रा गढ़ी के देवर के सामने से गुजरते हुए कबूतर खाना, ब्रह्मपुरी मोहल्ला एवं सदर बाजार होती हुई रात्रि 8 बजे पुन: मंदिर परिसर में पहुंची। शोभा यात्रा के मंदिर परिसर में पहुंचने के पश्चात मंदिर के मुख्य सिंहद्वार के सामने रंग बिरंगी भव्य आतिशबाजी हुई। भव्य आतिशबाजी को देखकर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। श्रद्धालुओं की रही भारी रेलम पेल मंडफिया (सांवलिया जी) में चारों तरफ से आने वाली सड़कों पर मेले में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के रेले दिखाई पड रहे थे। मंडफिया, भादसोड़ा, आवरी माता, चिकारड़ा से आने वाले मार्गो पर पार्किंग की विशेष सुविधा की गई।

मेले में बाहर से आए व्यापारियों ने खिलौने, कपड़े, घरेलू सामान एवं खाद्य सामठियों की दुकानें एवं डॉलर चकरी झूले आदि लगाकर मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। जलझूलनी एकादशी बुधवार को भगवान श्री सांवलिया जी सेठ की विशाल रथ यात्रा दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। रथ यात्रा नगर भ्रमण करते हुए सांवलिया सरोवर पहुंचेगी। जहां भगवान की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्नान कराया जाएगा। इस मौके पर हजारों भक्त भगवान सांवलिया जी सेठ के संग स्नान करने का आनंद लेंगे। इसी दिन रात्रि 9 बजे मंडफिया बाईपास पर स्थित रंगमंच पर बालीवुड की मशहूर प्लेबेक सिंगर ऋचा शर्मा अपने मय दल के साथ गानों की प्रस्तुति देंगी।

'लैपर्ड सफारी के लिए स्वीकृत राशि का कार्य जल्द पुरा करें'

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वन विभाग को निर्देश दिए है कि बजट घोषणा के अनुरूप काजीपुरा भैरव घाटी में लैपर्ड सफारी के लिए डीएफएमटी के तहत स्वीकृत राशि का कार्य जल्द पुरा करें। ताकि आमजन के लिए यह लैपर्ड सफारी शुरू की जा सके। इसके साथ ही देवनानी ने नौसर घाटी में स्थित वन विभाग की चौकी में स्टाफ नहीं होने की मिल रही शिकायतों को भी गंभीरता से लिया और वन विभाग के अधिकारियों को यहा तत्काल स्टाफ की नियुक्ति कर चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में वन विभाग से सम्बन्धित कामकाज पर चर्चा की। नौसर घाटी की पहाड़ी से भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। देवनानी ने तारागढ़ क्षेत्र में पिछले दिनों वन भूमि पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही का फॉलोअप भी लिया और शेष अतिक्रमणों पर कोर्ट स्टे खारिज करवाकर उन्हें भी अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

सुविधाएं देने की मांग

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। विधानसभा में विधेयक पारित होने के बावजूद लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समकक्ष सुविधा नहीं दिये जाने पर विरोध के स्वर मुखर होने लगे है। लोकतंत्र सेनानी किशन गोपाल दरगड ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया की आपातकाल के काले अध्याय को समाप्त कराने के लिये लोकतंत्र की रक्षा कर कई योद्धाओं ने बलिदान दे दिया और यातनाएं सहकर लोकतंत्र को बचाकर भारत माता की रक्षा की, किंतु आज भी लोकतंत्र सेनानी अनेक सुविधाओं से महरूम है। दरगड ने जानकारी दी की विधानसभा चुनाव के समय बकाया सम्मान निधी ब्याज सहित देने की घोषणा की गई थी, लेकिन घोषणा पर अमल नहीं हो पा रहा है। इनकी मांग है लोकतंत्र सेनानियों को 40 हजार रूपये पेंशन और 10 हजार रूपये बतौर चिकित्सा सहायता देनी चाहिए। आपातकाल के कर्म योद्धाओ को स्वतंत्रता सेनानीयों के समकक्ष सम्मान दिया जाना चाहिए। रोडवेज की सभी बसों में एक सहायक के साथ नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था हो। लोकतंत्र सेनानी के बैकुंठवास होने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की जाये तथा आश्रित को 25 हजार की राशि दी जाये। शिक्षा के पाठ्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों की गाथा को शामिल किया जाये। साथ ही आयुष्मान प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना में सेनानियों को शामिल किया जाये। सर्किट हाउस में ठहरने की व्यवस्था के साथ टोलटैक्स बूथों पर फ्री का आदेश जारी जाये। लोकतंत्र सेनानियों को राज्य सरकार द्वारा रियायती दर पर आवासीय भूखंड आंवटन किया जाना चाहिए।

कैरियर में अवार्ड की मुख्य भूमिका

अजमेर । दी भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से 29 अगस्त से 01 सितंबर तक नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स,गदपुरी हरियाणा में राष्ट्रपति अवॉर्ड स्काउट गाइड रोवर रेंजर अवॉर्ड रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेर में राजकीय महाविद्यालय केकड़ी के धीरज सोनी को राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सी ओ स्काउट अजमेर नरेन्द्र खोरवाल ने कहा कि अवॉर्ड समारोह नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय यूवा एवं खेल मंत्री भारत सरकार मनसुख मंडाविया रहे।

एक अवॉर्ड रैली में 2016 से 2021 तक के राष्ट्रपति अवॉर्ड स्काउट गाइड रोवर रेंजर परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को राष्ट्रपति अवॉर्ड प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति अवार्ड का मुख्य समारोह माह जुलाई के अंत में राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति अवार्ड प्रमाण पत्र उत्तीर्ण स्काउट गाइड रोवर रेंजर को सम्मानित किया गया। जिसमें पूरे भारत से 500 स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया। सी ओ गाइड अनिता तिवाड़ी ने बताया कि एक यूवा के जीवन में राष्ट्रपति अवॉर्ड की अहम भूमिका है।

संगीतमय शाम में तराने गूंजे

अजमेर । एसेंस का म्यूजिक ने रविवार की शाम को एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। ग्रुप के सभी सदस्यों ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित किया। ग्रुप एडमिन कुलदीप सिमलोत एवं अनुपम राठौर ने बताया कि उस दिन उन सभी पार्श्वगायकों के गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिन्हें अक्सर याद नहीं किया जाता है । कार्यक्रम में महेश लोगानी, सरवर खान, अरुण, नीता माथुर, संदीप एवं रिचा माथुर, दीपक भार्गव, सुरेंद्र कुमावत, अशोक दरयानी, चंदन भाटी, प्रकाश पवार, महेश सोनी, राजेंद्र सोनी, श्वेता शर्मा, मनस्वी सक्सेना, अनुपम राठौर, डॉक्टर एन के माथुर, कुलदीप सिमलोत, यज्ञ दत्त शर्मा, सारिका रावलानी, डॉक्टर अभिषेक माथुर और आशीष वाकटे ने अपनी प्रस्तुतियां दी मंच का संचालन संदीप माथुर ने किया।

कवि सम्मेलन आज

सरवाड़ । शहर में विराट कवि सम्मेलन आज बुधवार को आयोजित किया जाएगा इस दौरान कवि बुद्धि प्रकाश दाधीच व अनिल अग्रवंशी बलवंत (बल्लू) दिलीप शर्मा प्रख्यात मिश्रा चेतन चर्चित प्रिया ठाकुर भारत के प्रसिद्ध कवियों द्वारा कविता पाठ होगा यह आयोजन शहर स्थित गांधी चौक में आयोजित किया जाएगा इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम व कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन अति विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर रहेंगे

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/249 आपत्ति सूचना दिनांक: 29.8.25

श्री उज्जवल सिंह साहनी पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह साहनी निवासी 15/27 कस्तूरी कॉम्पलेक्स के सामने पुरानी मण्डी अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 4/242= 9/29 = 15/29 = जो वाके मिठ्ठनलाल का चौक बुलन्द खां का चौक पुरानी मण्डी, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 306.07 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : मकान श्री दीनदयाल व श्री प्रभुदयाल का पश्चिम : मकान श्री गुप्ता का
उत्तर : 14.27 मीटर चौड़ा बुलंद खां का चौक दक्षिण : 4.42 मीटर चौड़ा रोड

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक: 975 जाहिर आम सूचना दिनांक-1.9.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/78, किशनगढ़ क्षेत्रफल 30.94 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री सूरज करण पुत्र श्री भैरूबक्ष को आंवटित कर दिनांक 09.07.1985 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। आवंटी श्री सूरज करण पंवार द्वारा दिनांक 26.06.2024 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात श्री सूरज करण पंवार पुत्र श्री भैरूबक्ष पंवार द्वारा आवास का वैचान श्रीमती ज्योति पत्नि श्री परमानन्द किशनानी को दिनांक 08.08.2005 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 386 में पृष्ठ संख्या 35 क्रम संख्या 2005002835 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 822 के पृष्ठ संख्या 262 से 273 पर दिनांक 08.08.2005 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती ज्योति पत्नि श्री परमानन्द किशनानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती ज्योति पत्नि श्री परमानन्द किशनानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचारधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.पं.भो./2025-26/29 ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 दिनांक-29/08/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोगादीत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत भोगादीत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
		ZAJ2526A1049	ZAJ2526GLRC01126	2025_PRD_497353_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भोगादीत,
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

प्रशासक
ग्राम पंचायत भोगादीत
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति हुरड़ा,जिला-भीलवाड़ा

क्रमांक :ग्रा.पं.ला./102 निविदा सूचना-2025-26 दिनांक: 30.08.2025

ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति हुरड़ा की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु पंचायत की FFC/SFC के उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यों की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी सभी शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत लाम्बा में देखी जा सकती है।

UBN No.- ZBL2526WSOB01773

NIB No.- ZBL2526A0990

सरपंच
ग्राम पंचायत लाम्बा
पंचायत समिति हुरड़ा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लाम्बा
पंचायत समिति हुरड़ा

आस्था का जनसैलाब उमड़ा

सरवाड़ । शहर में सूर्य तलाई पर स्थित तेजाजी धाम पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा वहीं विशाल मेला आयोजित हुआ । इस अवसर पर ढोलक की थाप मंजीरों की झंकार व अलगोजों की अलाप से उभरते मदमस्त कर देने वाले लोक संगीत के बीच लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का मेला धूमधाम के साथ आयोजित हुआ वहीं मेले के दौरान तेजाजी धाम पर बिंदोरी में श्रद्धालु नाचते-गाते हुए चल रहे थे । इस दौरान दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा जो देर रात तक जारी रहा वहीं श्रद्धा के साथ भक्ति का आलम यह था कि वीर तेजाजी के भक्त मेले में दीवानों की तरह उमड़ पड़े जिधर देखो उधर लोगों की भारी भीड़ नजर आई वहीं युवाओं में विशेष जोश दिखाई दिया वहीं मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के सरवाड़ थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी लगातार नजर बनाए हुए थे इस दौरान मेले में आमोद प्रमोद के इन्द्रधनुषी रंगों के मध्य खिरिया गेट पर स्थित सूर्य तलाई तेजाजी महाराज का विशाल मेला लगा वहीं एक छोर से दूसरे छोर तक करीने से सजी अस्थाई दुकानों पर खेल-खिलौने व घरेलु आवश्यकता की छोटी-मोटी चीजों से लेकर गुब्बारों तक ने लोगों को ललचाया वहीं मेले के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने मेले का जमकर आनन्द उठाया मेले के दौरान लगे आकर्षक झूला-चकरी सबके आकर्षण का केन्द्र रहा वहीं नगर पालिका प्रशासन की और से तेजा दशमी पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्र आयोजित हुआ । इस दौरान भजन गायक पूरण गुर्जर व निरमा धनगर एण्ड डांसर अनिता कोटा एवं लोकनृत्य रामू मारवाड़ी पार्टी द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।